दिनांक : ८ मार्च, २०१०

सेवा समाचार

ब्रह्माकुमारीझ के रशिया के कलाकारो का अदभूत भव्य सांस्कृत्तिक कार्यक्रम

आंतर राष्ट्रीय महिला दिन की पूर्व संध्या पर विदेशी बहनो ने कराया भारतीय संस्कृत्ति का दर्शन

सर्चलाइट (शाहीबाग), अहमदाबाद :- दिनांक ७ मार्च २०१० रविवार के सायं ६-३० से ९-०० बजे ब्रह्माकुमारीझ-रशिया के कलाकारो का सांस्कृत्ति कार्यक्रम शकुन रीवर व्यु (पार्टी प्लोट), हांसोल, अहमदाबाद में आयोजत किया गया। आंतर राष्ट्रीय महिला दिन की पूर्व संध्या पर, रूस देश से पधारे रशियन भाई-बहनो ने भारतीय संस्कृत्ति की पहचान, अपनी अनोखी कलाओं को प्रदर्शन करके, अहमदाबाद शहर के लोगो के नारी सशिक्तकरण का आध्यात्मिक संदेश दीया। रशिया सेंट पीटर्सबर्ग सेवाकेन्द्र के ४० प्रोफेशनल कलाकारो का ग्रुप ने गुजरात राज्य में प्रथम वारी प्रेम, शांति, आनंद, एकता, एवमं भाईचारे की भावना के साथ भारतीय संस्कृत्ति को उजागर करते हुए सुंदर मनमोहक भव्य विविध १५ से अधिक सांस्कृत्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

आध्यात्मिक सांस्कृत्तिक कार्यक्रम का लक्ष्य मानव जीवन में उमंग-उत्साह बरकार रहे, चहेरे से हताशा, निराशा, टेन्शन और तनाव को दूर कर चहेरे पर खुनुमा एवम् आनंदमय बने। आत्मा के मूल सत्यों को पहचान जीवन मूल्यवान बनें। रशियन कलाकारों ने भारतीय हिन्दी गीतों पर विविध नृत्यनाटीका, देश भकिंत के गीत पर नृत्य, फरीस्ता का ड्रान्स, गुजराती गरबा एवम् रशियन बेले नृत्य प्रस्तुत कर सभा में अपनी कला का जादू बिखेर दिया। रूस देश से पधारी कु. नताशा ने मधुबन खुशबु देता है... आबेहुब हिन्दी गीत गा कर लोको के मन को मोहित भी किया। साथ साथ विडीयो शॉ का भी आयोजन किया गया था। देशभक्ति गीत मेरे देश की धरती, सोना उग ले हीरे मोती... में एक साथ ४० कलाकार मंच पर उपस्थित हो कर आध्यात्मिक चेतना को उभारता हुआ वह दश्य खुबसुरत था।

रशिया सेंट पीटर्सबर्ग की निर्देशीका ब्रह्माकुमारी संतोष बहन के नेतृत्व में आयोजीत कार्यक्रम में ब्र. कु. विजया बहन (संचालिका, शाहीबाग सेवाकेन्द्र) ने स्वागत किया। राजयोगीनी सरला दीदी (क्षेत्रिय निर्देशीका गुजरात जोन) ने आर्शिवचन दीये एवम् ब्र. कु. चंद्रिका बहन ने अपनी शुभेच्छा दी।

इस कार्यक्रम से शहर के नामांकित १२०० से अधिक लोगो लाभावित हुए। रशियन सांस्कृत्तिक कार्यक्रम को प्रिन्ट मीडिया एवम् इलेक्ट्रोनिक्स मीडिया ने भी सुंदर कवरेज दिया।